भामंडलं दुंदुभिरात पत्रं, सत्प्रातिहार्याणि जिनेश्वराणाम् ॥ १ ॥

१२

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतम प्रभुः ॥
मंगलं स्थूलिभद्राद्या, जैनो धर्मोस्तु मंगलं ॥ १ ॥

१३ दोहा.

अंगुठे अमृत वसे, लब्धि तणा भंडार;
ते गुरु गौतम समरीए, वांछीत फळ दातार.

---

१४ प्रभुनी स्तुति करवाना संस्कृत काव्यो

नेत्रानंद करी भवोदधितरी श्रेयस्तरोर्मंजरी ।
श्रीमद् धर्म महानरेंद्र नगरी, व्यापुल्लत्ता धूमरी ॥
हर्षोत्कर्ष शुभ प्रभाव लहरी रागद्विषां जित्वरी ।
मूर्तिः श्री जिनपुंग वस्य भवतु श्रेयस्करी देहिनाम् ॥ १ ॥

१५

किम् कर्पूर मयं सुधारसमयं । किम चंद्ररोचिर्मयं ॥
किम लावण्यमयं । महा मणिमयं कारुण्य केलिमयं ॥
विश्वानंद मयं महोदयमयं । शोभा मयं चिन्मयं ॥
शुक्लध्यान मयं वपु जिनपते । भूयाद भवालंबनं ॥ २ ॥

१६

नित्यानंद पद प्रयाण सरणी, श्रेयोवनी सारणी,
संसारार्णव तारणै क तरणी, विश्वर्धि विस्तारणी,
पुण्यांकूर भरप्ररोह धरणी, व्यामोह संहारिणी
प्रीत्यै कस्यन तेऽखीलाऽर्ति हरणी, मूर्ति मनोहारिणी ॥३॥

१७

पूर्णानंदमयं । महोदयमयं कैवल्यचिद्दृगमयं ॥
रूपातीतमयं स्वरूप रमणं स्वाभाविकीश्रीमयं ॥
ज्ञानोद्योतमयं कृपारसमयं स्याद्वाद विद्यालयं ॥
श्री सिद्धाचल तीर्थराज मनिशं वंदे युगादीश्वरं ॥ ४ ॥

१८

एम नवपद ध्यावे, परम आनंद पावे ॥ नवमें भव शिव जावे, देव नर भव पावे ॥ ज्ञानविमल गुण गावे, सिद्धचक्र प्रभावे ॥ सवि दुरीत समावे, विश्व जयकार पावे ॥ १ ॥

१९

॥ आबु अष्टापद गढ गिरनार, समेत शिखर शत्रुंजय सार ॥
पंचे तीरथ उत्तम ठाम, सिद्धी वर्या तेनो करु प्रणाम ॥१॥

२० श्री सिद्धाचळजीना दोहा

सिद्धाचळ समरुं सदा, सोरठ देश मोझार ॥
मनुष्य जन्म पामी करी, वंदुं वार हजार. ॥ १ ॥
एकेकुं डगलुं भरे, गिरि सन्मुख उजमाळ ॥
कोडी सहस भवना कर्या, पाप खपे ततकाल ॥ २ ॥
शत्रुंजी नदी न्हाईने, मुख बांधी मुखकोश ॥
देव युगादि पूजीये, आणी मन संतोष ॥ ३ ॥
सिद्धाचल सिद्धि वर्या, सिद्धा अनंती कोड ॥
ज्यां मुनिवर मुक्ति गया. वंदु बेकर जोड ॥ ४ ॥
सिद्धाचल सिद्धी वर्या, गृहि मुनिलिंग अनंत ॥
आगे अनंता सिज्झशे, पूजो भवि भगवंत ॥ ५ ॥
द्राविडने वारि खिल्लजी, दश कोडी अणगार ॥
साथे सिद्धि वधू वर्या, वदूं वारंवार ॥ ६ ॥
राम भरत त्रण कोडिशुं, कोडी मुनि श्री सार ॥
कोडि सादि आठ शिव वर्या, सांब प्रद्युम्न कुमार ॥ ७ ॥
कदंब गणधर कोडिशुं, वळि संप्रति जिनराज ॥
थावच्चा तस गणधरु, सहसशुं सिध्या काज ॥ ८ ॥
शत्रुंजय गिरि मंडणो, मरु देवानो नंद ॥
युगला धर्म निवारको, नमो युगादि जिणंद ॥ ९ ॥
सोरठ देशमां संचर्यो, न चढ्यो गढ गिरनार ॥
शत्रुंजि नदी नाह्यो नहि, (तेनो) एळे गयो अवतार ॥ १० ॥
जगमां तीरथ दोय वडा. शत्रुंजय गिरनार ॥
एक गढ ऋषभ समोसर्या, एक गढ नेम कुमार ॥ ११ ॥

२१ ॥ श्री आदिनाथ जिन स्तवन ॥

॥ श्रीराग ॥ मंगल पूजा शिवतरु कंद–ए चाल ॥

॥ आदि जिन मूरति नयनानंद ॥ ए टेक ॥ क्या तारीफ करूं प्रभु तुमरी, दरिशण दिठे परमाणंद ॥ आदि० ॥ १ ॥ और सबी देवनकी छबी आगे, तुम छबी प्रभुजी सुखको कंद ॥ आदि० ॥ २ ॥ सत् चित् आनंदरूप तुमारो, योगीश्वर सब ध्यान करंद ॥ आदि० ॥ ३ ॥ पारंगत प्रभु तुम गुणवृंदको, त्रिभुवनमें कोण पार लहंद ॥ आदि० ॥ ४ ॥ शांत रसमय मूरति भेटी, भविजन भव संसार तुरंत ॥ आदि० ॥ ५ ॥ झगडीया मंडन दुःख खंडन, काटो कठीण करम फंद ॥ आदि० ॥ ६ ॥ वीरविजय कहे आदि जिनेश्वर, आयो प्रभुजी परमाणंद ॥ आदि० ॥ ७ ॥ इति ॥

---

२२ ॥ श्री शांतिनाथ स्तवन ॥

॥ पाम्यो पाम्यो पदमणी आवी हो, जाणो तेनी सफळ जींदगानी–ए राग ॥

॥ दीठा दीठा जगतगुरु देव हो, प्रभु शांति जिणंद जयकारी ॥ ए टेक ॥ शांत सुधारस छे छबी तारी, मनहर मूरति मोहनगारी ॥ तारो तारो विभु भव वारी हो ॥ प्रभु० ॥ दीठा० ॥ १ ॥ धर्म धुरंधर धीर छबीलो, स्याद्‌वाद शुभ पक्ष रंगीलो ॥ जगस्वामी जगत उपकारी हो ॥ प्रभु० ॥ दीठा० ॥ २ ॥ चोत्रीश अतिशय प्रभुने छाजे, वाणी पांत्रीश गुणगण गाजे ॥ भावे गावे सभा जैन सारी हो ॥ प्रभु० ॥ दीठा० ॥ ३ ॥ इति ॥

---

२३ ॥ श्री नेमनाथ स्तवन ॥

॥ मोहे तजके नेमि, आप चले गिरनार—ए देशी ॥

॥ मन मोहे स्वामी, नेमनाथ गिरनार ॥ ए टेक ॥ नव भव की प्रभु प्रीतको तोडी, त्यागी राजुल नार ॥ मन० ॥ १ ॥ सहसावन प्रभु चरण लियो है, त्यागन कर संसार ॥ मन० ॥ २ ॥ पचपनमे दिन केवल पायो, घाति कर्म को टार ॥ मन० ॥ ३ ॥ तीरथ थापी दूर किये है, कर्म अघाति चार ॥ मन० ॥ ४ ॥ ऊज्जित शिखरे मोक्ष सधारे, आतम वल्लभ तार ॥ मन० ॥ ५ ॥ इति ॥

---

२४ ॥ श्री पार्श्वनाथ स्तवन ॥

॥ राग माढ ॥ पूजो तो सही मेरा चेतन, पूजो तो सही ॥ थे तो फलवर्धी पारसनाथ प्रभुको, पूजो तो सही ॥ टेक ॥ अष्टादश दूषण करी वरजित, देवो तो सही ॥ टुंक स्याम सलूनो रूप आनंद भर, जोवो तो सही ॥१॥ परमानंद कंद प्रभु पारस, पारस तो सही ॥ तुम निज आतमको कनक करन टुक, फरसो तो सही ॥ २ ॥ अजर अमर प्रभु ईश निरंजन, भंजन कर्म कही ॥ एतो सेवक मन वंछित सब पूरण, अद्भुत कल्प सही ॥ ३ ॥ चंद्र अंक वेद दिव संवत्, षष्टी मैत्र लही ॥ मन हर्ष हर्ष प्रभुके गुण गावत, परमानंद लही ॥ ४ ॥ इति ॥

---

२५ ॥ श्रीमहावीर स्वामीनु स्तवन ॥

॥ द्वारकांना वासीरे, अवसरीए वहेला आवजो रे जी—ए राग ॥

त्रिशलाना जायारे, महावीर व्हाये आवजो जी ॥
नही आवो तो थाशे सेवकना बेहाल ॥ त्रिशलाना० ॥१॥
दैत्य महा मोहरे, व्हाला लाग्यो पीडवाजी ॥
दीधां दुःख कहेतां ना आवे पार ॥ त्रिश० ॥ २ ॥
कामने अज्ञानेरे, सत्ता निज वापरी जी ॥
बाळे क्रोध घडी घडी क्षण मांहि ॥ त्रिश० ॥ ३ ॥
पन्थ पाखंड जाळेरे, विंटायोछुं वेगथी जी ॥
विकार विषधरनी लागीरे चोट ॥ त्रिश० ॥ ४ ॥
पंचम काळ पूरोरे, जम जेवो बेसियो जी ॥
सूझे नहीं धर्म मारगनीरे रीत ॥ त्रिश० ॥ ५ ॥
गांडो घेलो त्हारोरे, सेवक व्हाला मानीने जी ॥
तारो तारो भवसागरनीरे तीर ॥ त्रिश० ॥ ६ ॥
टळवळतो तारो व्हालारे, सेवक हाथ झालीने जी ॥
नही तारो तो जाशे तमारी रे लाज ॥ त्रिश० ॥ ७ ॥
तुंहि तुंहि समरुं रे, दुःखीनो बेली आवजे जी ॥
शरणुं एक बुद्धिसागरने छे तुज ॥त्रिश० ॥ ८ ॥ इति

२६

॥ सर्व मंगलं मांगल्यं, सर्व कल्याण कारणम् ॥
प्रधानं सर्व धर्म्माणां, जैनं जयति शासनम् ॥ १ ॥

५ हिंदी विभाग

(१) शिक्षा

(१) किसी को मत सताओ। सब के तुम्हारी सी जान है।
(२) जो औरो की भलाई में लगा रहता है वह सुखी रहताहै।
(३) जो दुसरों को सुखी देखकर कुढता है वह दुःखी रहता है।
(४) किसी को बुरा मत कहो, बुरी बात तीर की तरह चुभजाती है।
(५) बुरों की संगत से भला आदमी भी बुरा हो जाता है इस लिये तुम बुरें लडकों के पास मत बैठो।
(६) बडों का कहना मानों। इसी में तुम्हारा भला होगा।
(७) झूट मत बोलो। झूटे को कोई नहीं पतियाता।
(८) पढे लिखे का सब जगह आदर होता है। मूर्खका कोई मान नहीं करता॥

अभ्यास—१. दूसरों की भलाई चाहने से क्या मिलता है ?
२. बुरी बात क्यों नही कहनी चाहिये ?
३. बुरी सगत में क्या बुराई है ?
४. झूट बोलने से क्या होता है ?
५. पढे लिखे और मूर्ख में क्या भेद है ?

---

(२) शिक्षा

ज्ञान या पुस्तकोंका निरादर करनेसे दूसरे जन्ममें अन्धा

बहेरा, गूंगा और पागल होना पडता है। इस लिये पढते समय इन बातोंका ध्यान रखना चाहिये।

(१) पुस्तक रहल या चौकी पर रखकर और पुस्तकको नमस्कार करके फिर पढनी चाहिये।

(२) पसीने वाले हाथ पुस्तकको नहीं लगाने चाहियें और पुस्तक को बगल में नहीं रखना चाहिये।

(३) अपवित्र वस्त्र पहन कर न पढना चाहिये।

(४) पुस्तक को जहां तहां रखना या फेंकना नहीं चाहिये

(५) पुस्तक पर मुंह का थूक न पडे और श्वास (सांस) न लगे इस लिये मुंह के आगे रूमाल रखकर पढना चाहिये।

(६) पाठशाला में पुरा समय हाजिर रहकर और विद्यागुरु को नमस्कार करके पढना चाहिये।

(७) दंगा नहीं करना चाहिये।

(८) विद्यागुरु की आज्ञा माननी चाहिये और जहां मिलें वहां उनको नमस्कार करना चाहिये।

(९) जो कोई बुरा लडका अपने गुरु की निंदा करे उस के पास न बैठना चाहिये।

अभ्यास:-पढते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिये ?

---

(३) शिक्षाके वचन.

प्रातःकाल सूर्योदयसें पहले उठो, शरीरको शुद्धकरो, माता पिता और वृद्धोंको प्रणाम कर जिनेन्द्र भगवानके दर्शन करनेको जाओ, भगवान्‌के सामने खाली हाथ नहीं जाना

चाहिये, उपाश्रयमें मुनिमहाराज बिराजे होंतो उनके दर्शन करो, स्कूल (पाठशाळा) में जाकर प्रथम विद्यागुरुको प्रणाम करो, अपना पाठ शान्ततासे याद कर सुनादो और दूसरा पाठ सीखो, पाठशालासे छुट्टी हो तब सीधे घरको जाओ, किसीसे मत लडो, उद्यम करते रहो, खाली हाथ कभी मत बैठो, अभक्ष भोजनका त्याग करो, बिनाजाना हुआ भोजन मत करो, पानी छानकर पीना चाहिये, वस्त्र साफ पहनने चाहिये, (चाहे हलके क्यों न हों) सत्संगती करो, दुराचारीके पास कभीमत बैठो, जुआ खेलना मांस भक्षण मदिरापान वेश्यागमन जीवहींसा चोरी परस्त्रीकी सोबत यह सात व्यसन हमेशां त्याग करने योग्य हैं, ! ऐसे व्यसन करने वालेकी सोबत नहीं करनी चाहिये भंगका निशा करना गालियें देना लडाइये करना मूर्खोंका कामहै, ऐसी बुरी आदत मत डालो, तन्दुरुस्ती और अक्लमन्दीके खेलभी फुरसदके वक्त खेलो, हमेशां मत खेलो, रात्री भोजनसे कई प्रकारके नुकसान होते हैं; दिनकोही भोजन करो, अनजान आदमीके साथ कभी नहीं जाना चाहिये, अनजान लडकेके साथ मत खेलो, हमेशां जेवर पहननेंसें जानका खतरा है, सत्य और मधुरवचन बोलो, हुन्नर सीखो, दीन दुःखी पर दया करो, सबजीवोंको एकसां समझो, पुण्यकार्यसे आनन्द और सुख प्राप्त होता है, पाप कर्मसे दुःख भोगना पडताहै ! दान सुपात्रकों देना चाहिये, ! कूपात्र दान पापका कारण है, दया धर्मका मूल है, अपने शरीरकी रक्षा करो, परोपकारी

जीव इस लोक और परलोकमें सुख पाते हैं, आपत्तिके समय धैर्य रखना चाहिये. ।

कसरत करनेसे शरीर तन्दुरुस्त रहताहै, पढने लिखनेकी चीजोंको अदबसे रखो उनको थूंक या पांव मत लगाओ ।

---

(४) पिता पुत्र संवाद.

पुत्र—पिताजी यह श्वेत, पीले कलश वाला ऊंचासा क्या है ?

पिता—पुत्र ! यह जिनेन्द्र भगवानका मन्दिर है। इसमे श्री तीर्थंकर भगवानकी मूर्ति बिराजमान है ।

पुत्र—चलो, अपनभी दर्शन करें (दोनों अन्दर गये.)

पुत्र—छत्र,—चामर, मुकुट, कुंडल राजाके होते हैं, वे यहां क्यों रख्खे हैं ?

पिता—यह राजाओंके भी राजा हैं, तीन लोकके पूज्य है । इन्द्रादिक देव तथा चक्रवर्ती राजा आदि भी इनकी सेवा भक्ति करते हैं ।

पुत्र—क्या अपन भी पूजन कर सक्ते हैं ?

पिता—स्नानकर, शुद्ध वस्त्र पहनकर जल, केशर, पुष्प आदि अष्ट द्रव्यसे पूजा कर सक्तेहैं ।

पुत्र—मैं भी पूजा करना चाहताहूं ।

पिता और पुत्रने विधिपूर्वक पूजन करके चैत्यवन्दन आदि स्तुति की ।

वह बालक बहुत प्रसन्न होकर पितासें कहनें लगा कि

मुझे हमेशां पूजन करायें करो। सत्य है कि जो पुण्यशाली बालक होताहै उसकों बचपनसेंही अच्छे अच्छे कार्योंकी रूचि होतीहै।

ऐ बालको ! तुमकों भी समझना चाहियेकी इसही तरह अच्छे कार्य करनेकों हमेशां तत्पर रहो।

---

(५) माता और पुत्रीके प्रश्नोत्तर.

पुत्री—ऐ माता ! यह नगे सिरवाले कौन आ रहे हैं ?

माता—यह मुनिमहाराज बडे परोपकारी है, शुद्ध आहार-पाणी लेनेके लिये गौचरी आये हैं।

पुत्री—क्या इनके घर नहीं है ? जो दुसरी जगहसे रोटी लाते है ?

माता—यह पहले बहुत बडे कुटम्बी और धनवान थे परन्तु इन्होंने इस संसारकों दुःखका कारण जानकर सर्वोत्तम जैन धर्मकी दीक्षा ग्रहण की है और यह सच्चे धर्मका कई जीवोंको उपदेश सुनाकर उनका उद्धार करतेहै।

पुत्री—ऐसे महात्मा त्यागीको अपनभी आहारपाणी लेनेके लिये प्रार्थनां करें।

माता और पुत्री दोनोने जाकर विनयपूर्वक शुद्ध आहारके लिये प्रार्थनाकर पात्रमें बहराया, जिससें पुण्योपार्जन हुआ।

ऐ ! बालक बालिकाओं तुमभी ऐसे सुसाधुओंकी भक्तीके लिये हमेशां तत्पर रहो, ताके तुम्हारा कल्याण हो !

---

(६) दो मित्रोंका परोपकार.

जिनदास—मित्र शान्तिदास ! इस मकानमें इतनें पशु क्यों एकत्र किये गये है ?

शान्तिदास—ऐ मित्र ! यह पशुशाला है। यहां कई दुःखी, अपंग, निस्सहाय पशु; पक्षी आदिका-पालन पोषण करनेके लिये कई पूण्यशाली दयावान लोग अपने व्यापार आजीविकामेंसे हिस्सा निकालकर इस शुभ कार्यमें सहायता देतें है।

जिनदास—यहतो बहुत अच्छी बातहै। परन्तु कोई दीन दुःखी मनुष्यकोंभी सहायता मिलती है या नहीं ?

शांतिदास—मित्र ! यही तो खामी है कि अपने दयालु और श्रीमंत लोग एकही देशी परोपकार करतेहै, यदि अनाथ मनुष्योंको भी सहायता की जावेतो क्याही अच्छा हो ?

जिनदास—तो अपन इस कामके लिये श्रीमानोंसे प्रार्थना करें।

दोनोंकी प्रेरणासे अनाथालयकाभी प्रबंध हो गया. ऐ बालकों ! तुमभी अपनी शक्ति अनुसार तन, मन, धनसें ऐसे परोपकारी कार्य करो जिससें इस और परभवमें तुम्हारा कल्याण हो।

---

(७) दो छोटे बालकोंका वार्तालाप.

सोहन—ऐ भाई मोहन ! इस मकानमें बहुतसे लडके क्या कर रहे हैं ?

मोहन—यह जैन पाठशालाहै । इसमें यह लडके पढते है ।

सोहन—चलो आपनभी देखें [दोनो पाठशालेमें गये.]

मास्टर—आओ, बालको ! आज यहां कैसे आये ?

बालक—[तुतलाकर] साहब ! हम देखने आयेहैं कि यह लडके यहां क्या करतेहैं ?

मास्टर—[खुश होकर] यहां इन बालकोंको धर्मशिक्षा और हिसाब आदि पढाये जातेहैं । क्या तुमभी पढोगे ?

बालक—क्यौं नहीं, हमारे पिताजीकी आज्ञा होगी तो आपके पास जरुर पढेंगे ।

मास्टर—अच्छा, तुम अपने पिताको लेकर आना ।

दोनो बालक [प्रसन्न होकर] अपने अपने पिता पास पहूंचे और पढनेके लिये प्रार्थना की ।

दोनोंके पिताओंने खुश होकर विद्यागुरुको इन दोनो बालकोंको पढानेके लिये निवेदन किया उक्त दोनो बालकोंनें थोडेहि दिनमे धार्मिक विद्या व व्यावहारिक [हिसाबआदि] व संस्कृतादि अनेक प्रकारके हुन्नर सीख लिये, और इनकी विज्ञानताको देखकर सब लोग आदर करने लगे ।

ऐ बालको ! इसही तरह उत्साहपूर्वक तुमकोभी विद्याभ्यास करना चाहिये । ताके तुम्हाराभी मनुष्य जन्म सार्थक हो ।

---

(८) पढना ।

दोष, चिन्ह, अल्पविराम, अर्धविराम, पुर्णविराम, आश्चर्य-विराम ।

पढने में न बहुत जल्दी करनी चाहिये और न बहुत देरी ही लगानी चाहिये। इसी तरह न बहुत जोरसे पढना चाहिये और न बहुत धीरे ही। पढते समय सब अक्षरों को खुब साफ बोलना चाहिये । कोई कोई लडके पढते समय गाने सा लगते है। कोई कोई एक ही शब्द को दो दो तीन तीन बार बोलते है। यह सब दोष है । इन से बचना चाहिये। पढना भी एक तरह का बोलना है। इस लिये जैसे बोलते हैं वैसा ही पढना चाहिये ऱ्हस्व, दीर्घ, अनुस्वार और चन्द्रबिंदु का ठीक ठीक उच्चारण करना चाहिये ।

पढते समम जहां (,) ऐसा चिन्ह मिले वहां थोडी देर ठहरना चा हिये । इस चिन्ह को अल्प-विराम चिन्ह कहते हैं । जहां (;) ऐसा चिन्ह हो वहां पहिलेसे अधिक ठहरना चाहिये। इस चिन्ह को अर्धविराम चिन्ह कहते है। जहां या (.) या (।) ऐसा चिन्ह आवे वहां और भी अधिक ठहरना चाहिये। इस तीसरे चिन्ह को पूर्ण-विराम कहते हैं। जहा कूछ पूछना हो वहा (?) यह चिन्ह आता है। इसे प्रश्न-विराम कहते है। और जहां कोई आश्चर्य की बात होती है या किसी को बुलाया जाता है वहा (!) यह चिन्ह रक्खा जाता है। इस चिन्ह का नाम आश्चर्य—विराम है ।

(९) सौभाग्यमल और मौजीलालकी कथा.

श्रीपुर नामका एक नगर था उसमें धर्मचन्द्र नामक एक जैन श्रावक रहता था, उसकी स्त्रीका नाम प्रभावती था. यह साधारण स्थितीका आदमी था, इसके दो लडकेथे। एकका नाम सौभाग्यमल और दूसरेका नाम मौजीलालथा, सौभाग्यमल अपने पिता और गुरुकी आज्ञा मानताथा। और विद्या पढनेमें बहूत शौक रखता था, वह विनयवान् और सची बात करने वालाथा, इसलिये माता पिता और दुसरे लोकभी इसके साथ प्रेम करतेथे जब सौभाग्यमल युवावस्थाको पहुंचा तब एक अच्छे सद्गृहस्थके घर उसका विवाह हुआ उसकी स्त्री का नाम विद्यावती था. सौभाग्यमलजी धर्मात्मा होनेसे यथाशक्ति धर्मके हरएक कार्यमें (देवपूजा, सामायिक, व्याख्यान श्रवण, प्रतिक्रमण. पौषध, तीर्थ यात्रा, दान, परोपकार, साधर्मी, और दीन दुःखियोंको योग्य मदद देना, औषधालय, धर्मशाला, पशुशाला, पाठशाला आदि बनानेमे) तथा सार्वजनिक फायदेके कामोंमें बनती कोशिश करतेथे.

सौभाग्यमलजीकी योग्यता और होशियारीको देखकर एक धनिक सेठ बुधमलजीने उसे अपने पास रखकर एक दुकान खोली, जिसमें सौभाग्यमलका हिस्सा रक्खा, सौभाग्यमलकी सलाहसे रोजगार करनेसे उसने बहुत फायदा उठाया. कई सज्जन सौभाग्यमलजीके पास आकर धर्मनीति और व्यापार-संबंधी वार्त्तालाप करते रहतेथे। इसी कारण सेठ सौभाग्यमल-

जीका मान तथा यश राजा प्रजामे बहुत प्रसिद्ध हुआ। सुख पूर्वक धर्म, अर्थ, और काम इन तीनों वर्गके साधन करते हुवे आखिरमे पूर्णावस्था भोगकर, सर्व पुत्र पौत्रादि परिवारका ममत्व छोडकर समाधिपूर्वक देव, गुरु, धर्मका स्मरण करते हुए सद्गतिको प्राप्त हुवे।

मौजीलाल अविनयवान था मातापिता और विद्यागुरु का हुक्म नहीं माननेसे वह मूर्ख रहगया। इतनाही नहिं बल्कि माता पिताके देहान्त होनेपर दुर्व्यसन (जूआ, चोरी, यारी, नशा आदि) का सेवन करनेसे बडा दुःखी हो गयाथा कई बार बडे भाई सौभाग्यमलजीने उसको सहायता भी दी परंतु फिरभी बुराईसे बाज नहीं आता था, आखिर मरकर दुर्गतिको प्राप्त हुआ॥ इस पाठका सारांश यह हैकि जो बालक अपने माता पिता और गुरुका हुक्म नहीं मानता है। वह मौजीलालकी भांती मनुष्य जन्मको व्यर्थ खो देताहै। और जो गुरुका हुक्म मानताहै, विद्या अच्छी तरहसे पढताहैं, वह सौभाग्यमलकी तरह दुनियामे मान प्रतिष्ठा और सुयशको प्राप्त करताहै।

---

(१०) ॥ सप्तव्यसन ॥

व्यसन उन्हें कहते हैं जो आत्माका स्वरूप ढक देवे तथा आत्माका कल्याण न होने देवें। बुरी आदतको भी व्यसन कहते हैं। व्यसन सेवन करनेवाले व्यसनी कहलाते हैं और लोकमें बुरी दृष्टिसे देखे जाते हैं।

व्यसन सात हैं—१ जुआ खेलना, २ मांस खाना, ३ मदिरापान करना, ४ शिकार खेलना, ५ वेश्यागमन करना, ६ चोरी करना, और ७ परस्त्री सेवन करना।

१ रुपये पैसे और कोडियों वगैरहसे नकी मूठ खेलना और हार जीत पर दृष्टि रखते हुए शर्त लगाकर कोई काम करना सो जूआ कहलाता है। जूआ खेलनेवाले जुआरी कहलाते हैं। जुआरी लोगोंका हर जगह अपमान होता है। जातिके लोग उनकी निंदा करते हैं और राजा उन्हें दंड देता है।

२ जीवोंको मारकर अथवा मरे हुए जीवोंका कलेवर खाना, मांस खाना कहलाता है। मांस खानेवाले हिंसक और निर्दय कहलाते हैं।

३ शराब, भांग, चरस, गांजा वगैरह नशीली चीजोंका सेवन करना मदिरापान कहलाता है। इनके सेवन करनेवाले शराबी और नशेबाज कहलाते हैं। शराबियोंको धर्म कर्म और भले बुरेका कुछ भी विचार नहीं रहता। उनका ज्ञान नष्ट हो जाता है और विचारशक्ति जाती रहती है। औरोंकी तो क्या बात घरके लोगों तकका भी उनपर विश्वास नहीं रहता।

४ जंगलके रीछ, बाघ, सूअर वगैरह स्वच्छंद फिरनेवाले जानवरोंको तथा उडते हुए छोटे छोटे पक्षियोंको अथवा और किसी जीवको बंदूक वगैरह हथियारोंसे मारना शिकार खेलना कहलाता है। इस बुरे कामके करनेवालोंको महान् पापका बंध

होता है । इन पापियोंके हाथमें बंदूक वगैरह देखते ही जंगलके जानवर भयभीत हो जाते हैं ।

५ वेश्या (बाजारकी औरत) से रमनेकी इच्छा करना, उसके घर आना जाना, अथवा उससे सम्बन्ध रखना, वेश्यागमन कहलाता है । वेश्या व्यभिचारिणी स्त्री होती है । उससे सम्बन्ध रखनेसे व्यभिचारका दोष लगता है । व्यभिचार करनेसे न केवल बुरे कर्मोंका बन्ध होता है, किन्तु अनेक प्रकारके दुःसाध्य रोग भी पैदा हो जाते हैं । इसके सिवाय वेश्यासेवन करनेसे मा बहिन सेवन करनेका पाप लगता है । वसंततिलका नामकी वेश्याके साथ विषय सेवन करनेसे एकही भवमें १८ नातेकी कथा प्रसिद्ध है ।

६ प्रमादसे बिना दी हुई, किसीकी गिरी हुई, या पडी हुई, या रक्खी हुई, या भूली हुई चीजको उठा लेना अथवा उठाकर किसीको दे देना चोरी है । जिसकी चीज चोरी चली जाती है, उसके मनमें बडा खेद पैदा होता है और इस खेदका कारण चोर होता है । इसके सिवाय चोरी करते समय चोरके परिणाम भी बडे मलीन होते हैं । इस कारण चोरको महान् अशुभ कर्मोंका बंध होता है । लोकमें भी चोर दण्ड पाते हैं और सब कोई उन्हें घृणाकी दृष्टिसे देखते हैं ।

७ अपनी स्त्री अर्थात् जिसके साथ धर्मानुकूल विवाह किया है, उसको छोडकर और सब स्त्रियां मा बहिनके समान हैं । अपनेसे बडी मा बराबर हैं और छोटी बहिन बेटीके बराबर हैं ।

उनके साथ विषय सेवन करना मानो अपनी मा बहिन और बेटीके साथ विषय सेवन करना है।

प्रश्नावली।

१ व्यसन किसे कहते है और ये व्यसन कितने होते हैं?

२ शतरंज, ताश, गंजफा खेलना, रूई, अफीम वगैरहका सट्टा लगाना, लाटरी डालना, जिंदगीका, बीमा करना, पार्टी बनाकर कबड्डी, क्रिकेट, फुटबाल खेलना जूआ है या नही?

३ परस्त्री और वेश्यामें क्या भेद है? परस्त्रीका त्यागी वेश्याका त्यागी है या नहीं?

४ मदिरापानसे क्या समझते हो? भांग, चरस, गांजा मदिरामें शामिल है या नहीं?

५ एक अंग्रेजने जूनागढ़के जंगलमे एक बड शेर मारा, बताओ उसको पुण्य हुआ या पाप? यदि पाप हुआ तो कोनसा?

६ वसंततिलका वेश्याकी, कथा कहो। एक ही भवमें १८ नाते कैसे हुए?

७ सबसे बुरा व्यसन कौनसा है और ऐसे ऐसे कौन कौन व्यसन है जिनमें हिंसाका पाप लगता है?

८ परस्त्री सेवन करनेसे माता बहिन सेवन करनेका पाप कैसे लगता है?

---

११ अष्ट मूलगुण!

मूलगुण मुख्य गुणाको कहते हैं। कोई भी पुरुष जब तक मूलगुण धारण नहीं करता है; तब तक श्रावक नहीं कहला सकतां है। श्रावक बननके लिए इनका धारण करना बहुत जरूरी है। मूल नाम जडका है। जैसे जडक बिना पेड नहीं ठहर सकता, उसी प्रकार बिना मलगुणाके श्रावक नहीं हो सकता।

श्रावकके ये आठ मूलगुण हैं:—तीन मकारका त्याग अर्थात् मद्य त्याग, मांस त्याग, मधु त्याग और पांच उदुम्बर फलोंका त्याग।

१ शराब वगैरह मादक वस्तुओंके सेवन करनेका त्याग करना मद्य त्याग है। अनेक पदार्थोंको मिलाकर और उनको संडाकर शराब बनाई जाती है। इस कारणसे उसमें बहुत जल्दी असंख्याते जीव पैदा हो जाते हैं और उसके सेवन करनेमें महान् हिंसाका पाप लगता हैं। इसके सिवाय उसको पीकर आदमी पागलसा हो जाता हैं। धर्म कर्म सब भूल जाता है, अपने परायेका विचार जाता रहता है, और तो क्या शराबियोंके मुंहमें कुत्ते भी मूत जाते हैं इस लिए शराब तथा भंग चरस वगैरह मादक वस्तुओंका त्याग करना ही उचित है।

२ मांस खानेका त्याग करना मांस त्याग कहलाता है। दो इन्द्रिय आदि जीवोंके घात करनेसे मांस होता है। मांसमें अनेक जीव सदा पैदा होते और मरते हैं। मांसको छूनेसे ही वे जीव मर जाते हैं। इस लिये जो मांस खाता है, वह अनंत जीवोंकी हिंसा करता है। इसके सिवाय मांस भक्षणसे अनेक प्रकारके असाध्य रोग हो जाते हैं। और स्वभाव क्रूर व कठोर हो जाता है। इस कारणसे मांसका त्याग करना ही उचित है।

३ शहद खानेका त्याग करना मधु त्याग है। शहद मक्खियोंका वमन [कय] है। इसमें हर समय छोटे छोटे

जीव उत्पन्न होते रहते हैं। बहुतसे लोग मक्खियोंके छत्तेको निचोडकर शहद निकालते हैं। छत्तेके निचोडनेमें उसमेंकी मक्खियां और उनके छोटे छोटे बच्चे मर जाते हैं और उनका सारा रस शहदमें आजाता है जिसके देखनेसे ही घिन आती है। ऐसी अपवित्र वस्तु खाने योग्य नहीं हो सकती। उसका त्याग करना ही उचित है।

४ से ८। बड, पीपर, पाकर, कठूमर [अंजीर] और गूलर इन फलोंका त्याग करना सो पांच उदुम्बरोंका त्याग करना कहलाता है। इन फलोंमें छोटे छोटे अनेक जीव रहते हैं। बहुतोंमें साफ साफ दिखाई पडते हैं और बहुतोंमें छोटे होनेसे दिखाई नहीं पडते। इन फलोंके खानेसे उनमें रहनेवाले सब जीव मर जाते हैं, इसलिये इनके खानेका त्याग करना ही उचित है।

प्रश्नावली।

१ मूलगुण किसे कहते हैं और ये गुण किसके होते है ?

२ मूलगुण कितने होते हैं, नाम सहित बताओ।

३ एक जैनीने सर्वथा जीवहिंसाका त्याग कर दिया, तो बताओ वह यह अष्टमूलगुणका धारी है या नहीं ?

४ मद्यसेवन करनेसे क्या क्या हानियां होती हैं ? मांसका त्यागी मद्य और मधु सेवन करेगा या नहीं ?

५ क्या सब ही फलोंके खानेमें दोष हैं या केवल बड पीपर वगैरह फलोंमें ही ? और क्यों ?

६ मूलगुणोंका धारी व्यसन सेवन करेगा या नहीं ?

१२ अभक्ष्य ।

जिन पदार्थोंके खानेसे त्रसजीवोंका घात होता हो, अथवा बहुत स्थावर जीवोंका घात होता हो. जो प्रमाद बढानेवाले हों, और जो अनिष्ट हों तथा जो भले पुरुषोंके सेवन करने योग्य नहीं वे सब अभक्ष्य हैं अर्थात् भक्षण करने योग्य नहीं हैं ।

कमलकी डंडीके समान भीतरसे पोल पदार्थ जिनमें बहुतसे सूक्ष्म जीव रह सकते हैं तथा मुलेठी, बेर, द्रोणपुष्प (एक प्रकारके पेडका फूल), ऊमर, द्विदल[1] आदिके खानेमें त्रस जीवोंका घात होता है ।

मूली, गाजर, लहसुन, अदरक, शकरकंदी, आलू, अरवी (गागली, घुइया) सूरण, तरबूज, तुच्छ फल (जिस फलमें बीज न पडे हो), बिलकुल अनन्तकाय वनस्पति आदि, पदार्थोंके खानेमें अनंत स्थावर जीवोंका घात होता है ।

शराब, अफीम, गांजा, भंग, चरस, तंबाकू वगैरह प्रमाद बढानेवाली चीजें हैं । भक्ष्य होनेपर भी जो हितकर न हों उन्हें अनिष्ट कहते हैं । जैसे खांसीके रोगवालेको बरफी हितकर नहीं है । जिनको उत्तम पुरुष बुरा समझें, उन्हें अनुपसेव्य कहते हैं । जैसे लार, मूत्र आदि पदार्थोंका सेवन । इनके सिवाय नवनीत (मक्खन), सूखे उदंबर फल, चमडेमें

---

१ कच्चे दूधमें, कच्चे दहीमें, और दूधके जमे हुए दहीकी छांछमें उडद मूंग; चना, आदि द्विदल (जिसके दो टुकडे हो सकते हैं) अन्नके मिलानेसे द्विदल बनता है. ।

रक्खे हुए हींग, घी, आदि पदार्थ। आठ पहरसे ज्यादहका संधान (आचार) व मुरब्बा, कांजी, सब प्रकारके फूल, अजानफल, पुराने मूंग उडद वगैरह द्विदलान्न, वर्षाऋतुमें पत्तेवाले शाक और विना दले हुए उडद मूंग वगैरह द्विदल अन्न भी अभक्ष्य है। दही छांछ तथा विना फाडी बिना देखी हुई सेम, राजमाष (रोंसा) आदिकी फली आदि भी अभक्ष्य हैं।

प्रश्नावली !

अभक्ष्य किसे कहते हैं ? क्या सबही शाक पात अभक्ष्य हैं। यदि कोई महाशय सब्जी मात्रका त्याग कर दे, परन्तु और सब चीजें खाते रहें तो बताओ वे अभक्ष्यके त्यागी हैं या नहीं ?

२ अनिष्ट और अनुपसेव्यसे क्या समझते हो ? प्रत्येकके दो दो उदाहरण दो।

३ द्विदल क्या होता है ? क्या तमाम अनाज द्विदल हैं ? यदि नहीं, तो कमसे कम चार द्विदल अनाजोंके नाम बताओ।

४ इनमें कौन कौन अभक्ष्य हैं:—बैंगन, दहीबडा, पेडा गोभीका फूल, आम, मक्खन, खीरा कमलगट्टा, आलू, कचालू, सोया, पालक, घी, गाजर, निंबूका आचार, बादाम, चिरोंजीका रायता।

५ कुछ ऐसे अभक्ष्य पदार्थोंके नाम बताओ जिनमें त्रस जीवोंकी हिंसा होती हो !

६ अभक्ष्य कितने हैं ? लोकमें जो बाईस अभक्ष्य प्रसिद्ध हैं, उनके विषयमें तुम क्या जानते हो ?

७ अभक्ष्यका त्यागी मूलगुणधारी है या नहीं ?

अतीत (गई) चौवीसीके नाम.

१ केवल ज्ञानी	७ श्रीधर	१३ सुमति	१९ कृतार्थ
२ निर्वाणी	८ दत्त	१४ शिवगति	२० धर्मीश्वर
३ सागर	९ दामोदर	१५ अस्ताग	२१ शुद्धमति
४ महायश	१० सुतेज	१६ नमीश्वर	२२ शिवकर
५ विमल	११ स्वामी	१७ अनिलनाथ	२३ स्पन्दन
६ सर्वानुभूति	१२ मुनिसुव्रत	१८ यशोधर	२४ सम्प्रति.

अनागत (होनेवाली) चौवीसीके नाम.

१ पद्मनाथजी	९ पोट्टिलप्रभूजी	१७ समाधिनाथजी
२ सुरदेवजी	१० शतकीर्तिजी	१८ संवरनाथजी
३ सुपार्श्वनाथजी	११ सुव्रतनाथजी	१९ यशोधरजी
४ स्वयम्प्रभूजी	१२ अममनाथजी	२० विजयनाथजी
५ सर्वानुभूतिजी	१३ निष्कषायजी	२१ मल्लिप्रभूजी
६ श्रुतदेवजी	१४ निष्पुलाकजी	२२ देवप्रभूजी
७ उदयप्रभूजी	१५ निर्ममनाथजी	२३ अनन्तनाथजी
८ पेढालप्रभूजी	१६ चित्रगुप्तिजी	२४ भद्रंकरजी.

समाप्त.

पोरवाल अॅन्ड कंपनी पुना सिटी इनकी रामबाण अकसीर दवाओ.

१ पोरवाल ब्लॅक टुथ पावडर--यह पावडर हमेश वापरनेसे दांतोके हरेक कीसमके दरद नाबुद होते है और दांत सफाइदार रहकर मजबुत बनते है तीन महाने चलनेवाली शिसीकी किंमत पाच आने और एक बरसतक चलनेवाली बडी शिसीकी किंमत सवा रुपीया डाक खर्च अलग.

२ पोरवाल मदनमस्तचूर्ण या ब्रेन टॉनिक—यह चूर्ण हमेश वापरनेसे ताखद और बुद्धी बढती है और हरेक किसमकी बिमारीका जडमुळसे नाश होता है. एक शिसीकी किंमत दस आना और एक रतलके डबेकी किंमत अढाई रुपये डाक खर्च अलग.

३ पोरवाल ऑईन्टमेन्ट– गजकर्ण खुजली नायटे आदिके दरदोकु नाबुद करनेवाला खुशबोदार मलम एक शिसीकी किंमत च्यार आना.

४ पोरवाल एग्यु स्पेसिफिक—सब किसमके बुखारपर शिसी एककी किंमत बारा आने.

५ पोरवाल बॉम—सब किसमके शिरके दरदपर किंमत सीसी एककी किंमत आठ आना.

६ पोरवाल खुशबोदार हेसलीन—शिरके बालोपर लगानेके लिये एक शिसीकी किंमत पाच आने.

७ पोरवाल सुगंधी तपकीर--शिसी एककी किंमत तीन आने.

सब दवाओका डाक खर्च अलग समजना. रेलवे या पोष्ट पार्सलसे मंगवानेवालेने चौथाइकी रकम पेस्तर भेजना चाहिये. बाकीकी रकमका व्ही. पी. करके पार्सल भेजा जायगा.

दस रुपयेका माल मगवानेवालेकु हमेशा चलनेवाला पलेका फेन्सी केलेंडर दवाके साथ मुफत भेजा जायेगा. हरेक गांवोमें एजन्टोकी जरुरात है. एजंट होनेवालेने हमारे तरफसे छपेले नियम एक आना डाक खर्चा भेजकर मंगवाना.

पोरवाल अॅन्ड कंपनी (रजीस्टर्ड)

वेताळ पेठ, नं. ३५६ पुना सिटी.

जाहेर खबर.

निचे लखेला पुस्तको किंमत अने पोष्ट पेकिंग खर्च साथे पैशा अगाऊ मोकलनारने निचेना सरनामेथी मळी शकशे. व्ही. पी. थी मंगावनारे एक रुपीयानी अंदरनी किमतनी व्ही. पी न मंगावता पोष्ट टीकिटो या मनीआर्डर थी मोकलवा. वधारे किमतना मंगावनारे डीपाझिट तरीके आगाऊ चोथाई रकमना पैशा मोकलशे तो तेमने बाकी रकम बाबद व्ही. पी. करी मोकलवामां आवशे. ते शिवाय व्ही. पी. मोकलाशे नहीं.

नंबर	पुस्तकनुं नाम	किंमत. रु. आ. पै.	पोष्ट पेकिंग रु.आ.पै.
१	चैत्यवंदन स्तुति स्तवनादी संग्रह	०–१०–०	०–२–६
२	चैत्यवदन स्तुति स्तवनादी संग्रह भाग पहेलो	०–६–०	०–२–०
३	" " भाग त्रीजो आवृति बीजी	२–०–०	०–८–०
४	दंडकादी (४१) द्वार पाकापुठानी	०–६–०	०–३–०
५	" " काचापुठानी	०–४–०	०–२ ६
६	सुक्त मुक्तावली पाकापुठानी	१–०–०	०–४–०
७	श्री शत्रुंजय महा तीर्थादि यात्रा विचार पाका पुठानी	०–६–०	०–२–०
८	" " काचापुठानी	०–४–०	०–१–६
९	" " गुजराती टाईपनी	०–४–०	०–२–०
१०	संगीत स्तवनावळी भाग पहेलो	०–२–०	०–०–६
११	गुंहली संग्रह भाग पहेलो	०–१–०	०–०–६
१२	अष्टप्रकारी तथा स्नात्र पूजा	०–३–०	०–१–०
१३	शुद्धदेवगुरु धर्मनी सेवा उपसना	०–४–०	०–१–६
१४	बाळपोथी शास्त्री टाईपनी	०–२–०	०–१–०
१५	पहेली चोपडी " " "	०–४–०	०–१–०

वेताळ पेठ घ० नं० ३५६ पुना सिटी. } शा. शिवनाथ लुंबाजी जैनपुस्तकालय पोरवाल ॲन्ड कंपनी.